## बैठक

Date 11/8/21 Page no: ____

आज दिनांक 11-8-21 को अन्य पिछड़ा वर्ग समिति की बैठक कक्ष क्र० - 01. में समय 3:00P.m. पर आयोजित की गई। इसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए -

| नाम | हस्ताक्षर |
| --- | --- |
| 1. श्रीमती सविता सोनी | [signature] |
| 2. डॉ० रामू विश्वकर्मा | [signature] |
| 3. प्रो० मीनू यादव | [signature] |
| 4. डॉ० जगदीश कुशवाह | [signature] |
| 5. श्रीमती नीतू दांगी | [signature] |

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के विभिन्न हितों के संरक्षण हेतु चर्चा की गई। चर्चा के प्रमुख बिंदु निम्नांकित हैं →

- महाविद्यालय में प्रतिवर्ष के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं का प्रवेश सर्वाधिक है। प्रवेशित छात्राओं को इंडक्शन कार्यक्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन से दी जाने वाली विभिन्न जानकारियों व लाभों की विस्तृत जानकारी देने का प्रस्ताव / निर्णय लिया गया।

- विभिन्न छात्रवृत्तियों के विषय में जानकारी के लिए शासन के निर्देशानुसार बड़े-बड़े फ्लेक्स ~~पर~~ प्रिंट बनवाकर महाविद्यालय में मुख्य सूचना पटल के साथ व अन्य स्थान पर लगवाना सुनिश्चित किया गया ताकि छात्राओं को अंकित जानकारी से सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी।

- महाविद्यालय द्वारा भी बहुत ही निर्धन परिवार

Date: / / Page no:

की छात्राओं को छात्रवृत्ति के अतिरिक्त सुविधाओं की जानकारी दी जाना चाहिए।

- पुस्तकालय से उन्हें पुस्तके उपलब्ध करवाने की भी या समिति के द्वारा ज्यादा जरूरतमंद छात्राओं को मदद करने की ~~कि~~ सहमति बनी।

- OBC छात्रवृत्ति फार्म भरने की सूचना भी सभी शिक्षक अभिभावकों के माध्यम से समस्त छात्राओं के समूह में प्रेषित किये जाना सुनिश्चित किया गया, जिससे कोई भी छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित न रहे।

धन्यवाद के साथ बैठक को समाप्त किया गया।

11.8.22

Principal
Govt. Girls College
Vidisha (M.P.)

## बैठक

Date 4/2/22 Page no:

आज दिनांक 04.02.22 को समिति की बैठक का आयोजन कक्ष क्रमांक - 01 में समय 3:30 P.m. पर की गई। इस समिति में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए

श्रीमती सविता सोनी
1. डॉ० राजू विश्वकर्मा
2. 3. श्री० दीपू यादव
4. श्री० जगदीश कुशवाह
5. श्रीमती नीतू दांगी

बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के परीक्षा संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। चर्चा में निम्नांकित बिंदुओं पर सहमति बनी -

1. समस्त छात्राओं को परीक्षा फार्म भरने की सूचना निर्धारित समय से पूर्व में देना सुनिश्चित किया गया ताकि कोई भी छात्रा को वित्तीय संबंधी परेशानी व परीक्षा फार्म भरने से वंचित न हो।

2. सूचना को समस्त शिक्षक अभिभावको के माध्यम से छात्राओं के समूह में प्रेषित किया जाए। (what's app, Email, Telegram etc.)

3. सभी विषयों की आंतरिक परीक्षा C.C.E / Practical / Project / Internship. छात्राओं को पूर्व में सूचना दी जावे। ताकि कोई भी छात्रा आंतरिक परीक्षा देने से वंचित न हो।

4. सभी छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन पोर्टल पर अपडेट होते समय सावधानी से विषय प्राध्यापक के साथ चर्चा कर समय पर विश्वविद्यालय में प्रेषित किया जावे।

5. परीक्षा का टाइम टेबल / परिवर्तित टाईमटेबल भी समय पर छात्राओं के समूह में प्रेषित किया जावेगा ताकि कोई भी छात्रा मुख्य परीक्षा से

Date: / / Page no:

वंचित न रह जावें।

- परीक्षा परिणाम में यदि किसी छात्रा को अनुपस्थित या अंक सूची प्राप्त न होना या अंक सूची में गड़बड़ी होने पर संबंधित छात्राओं को उचित मार्गदर्शन दिया जावे व विश्वविद्यालयीन प्रक्रिया से भी अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया गया।

- अंतिम वर्ष की छात्राओं को करियर मार्गदर्शन एवं उचित विषय चयन करने, सर्टिफिकेट कोर्स / डिप्लोमा आदि की जानकारी भी दिया जाना सुनिश्चित किया गया।

धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

meeting

4.2.22

Principal
Govt. Girls College
Vidisha (M.P.)